भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1008**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए अवसर

**1008. श्रीमती पूनमबेन माडम:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को भारत में खेलों के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के अवसर प्रदान करने के लिए कोई कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार खेलों और युवाओं में तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को सामुदायिक पहुंच कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए विशिष्ट पहल कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : मंत्रालय ने 29.08.2024 को खेलों से सन्यास ले चुके खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (आरईएसईटी) कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य सन्यास ले चुके खिलाड़ियों को उनके करियर विकास के लिए सहायता प्रदान करने के लिए  उन्हें इंटर्नशिप के साथ उनकी शैक्षणिक वृद्धि के लिए अनुरूप शिक्षा प्रदान करना और उन्हें उपयुक्त करियर विकल्प में बदलने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है। आरईएसईटी कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में मौजूदा मानव संसाधन संबंधी कमियों को दूर करना भी है।

वे एथलीट, जो सक्रिय खेल करियर से सन्यास ले चुके हैं और जिनकी आयु 20-50 वर्ष के बीच है तथा अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता रहे हैं/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं या राष्ट्रीय पदक विजेता/राज्य पदक विजेता रहे हैं/राष्ट्रीय खेल परिसंघों/भारतीय ओलंपिक संघ/युवा कार्यक्रम

और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं, वे आरईएसईटी कार्यक्रम के तहत पेश किए जा रहे पाठ्यक्रमों में भाग लेने के पात्र हैं।

प्रारंभिक चरण में, सोलह पाठ्यक्रम/कार्यक्रम अर्थात् शक्ति और कंडीशनिंग प्रशिक्षक, खेल पोषण विशेषज्ञ, खेल कार्यक्रम प्रबंधन, कॉर्पोरेट वेलनेस ट्रेनर, खेल मसाजकर्ता, खेल उद्यमिता, स्टोर प्रबंधक, फिटनेस सेंटर प्रबंधक, शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक, फिटनेस ट्रेनर, योग प्रशिक्षक, स्थल पर्यवेक्षक, आत्मरक्षा प्रशिक्षक, सामुदायिक खेल प्रशिक्षक, कैम्पिंग और ट्रेकिंग गाइड और सुविधा केयरटेकर को आरईएसईटी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

****